कुमाऊँ विश्वविद्यालय,नैनीताल।
KUMAUN UNIVERSITY, NAINITAL (UTTARAKHAND)

पत्रांक -डी0आई0सी0/2021/593, दिनांक - 21-06-2021

प्रेस विज्ञप्ति/सूचना

कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल के ERP सॉफ्टेवयर का उद्घाटन माननीय राज्यपाल, उत्तराखण्ड एवं माननीय कुलाधिपति, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल के कर कलमों द्वारा दिनांक 18-06-2021 को किया गया, जिसके उपरान्त कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल द्वारा शैक्षणिक सत्र 2021-22 की विभिन्न कक्षाओं में प्रवेश हेतु ऑनलाईन पंजीकरण प्रारम्भ कर दिये गये हैं। पंजीकरण हेतु अभ्यर्थियों को विश्वविद्यालय की वैबसाईट kunainital.ac.in के माध्यम से रू0 50.00 ऑनलाईन पंजीकरण शुल्क जमा करना होगा। पंजीकरण शुल्क जमा करने के उपरान्त अभ्यर्थी को बैंक द्वारा प्रदत्त ट्रान्जेक्शन नम्बर तथा जन्मतिथि के माध्यम से लॉग-इन करके पंजीकरण आवेदन पत्र जमा करना होगा। अभ्यर्थी स्नातक/स्नातकोत्तर/व्यवसायिक पाठ्यक्रमों के प्रथम सेमेस्टर की कक्षाओं में प्रवेश हेतु ऑनलाईन पंजीकरण कर सकेंगे।

अभ्यर्थी को प्रत्येक परिसर/महाविद्यालय/संस्थान तथा प्रत्येक पाठ्यक्रम हेतु पृथक-पृथक पंजीकरण आवेदन पत्र भरना होगा। प्रत्येक अभ्यर्थी द्वारा पंजीकरण शुल्क केवल एक ही बार जमा किया जाना होगा। अभ्यर्थी द्वारा किसी परिसर/महाविद्यालय/संस्थान हेतु मात्र पंजीकरण किया जाना इस बात की गारन्टी नहीं देता है कि अभ्यर्थी को प्रवेश अनुमन्य किया जायेगा। प्रवेश पूर्णतः योग्यता सूची (Merit List) के आधार पर सम्बन्धित परिसर/महाविद्यालय/संस्थान स्तर पर किये जायेंगे।

समस्त अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल की आधिकारिता क्षेत्र के अन्तर्गत नैनीताल एवं ऊधम सिंह नगर जिले के अन्तर्गत आने वाले परिसर/महाविद्यालय/संस्थानों हेतु अभ्यर्थी प्रवेश हेतु पंजीकरण विश्वविद्यालय की वैबसाईट kunainital.ac.in के माध्यम से कर सकते हैं।

सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा के आधिकारिता क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले समस्त परिसर/महाविद्यालय/संस्थानों में प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थी सम्बन्धित विश्वविद्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं।

21/06/2021
निदेशक, डी0 आई0 सी0

पृष्ठांकन सं0 - डी0आई0सी0/2021/593, तद्दिनांक

प्रतिलिपि- निम्नांकित समाचार पत्रों के सम्पादकों को इस आशय से प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को अपने प्रतिष्ठित समाचार पत्र के उत्तराखण्ड संस्करण में छात्रहित एवं जनहित में समाचार के रूप में दिनांक - 22 जून, 2021 को निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें -

- दैनिक जागरण, नैनीताल।
- अमर उजाला, नैनीताल।
- हिन्दुस्तान, नैनीताल।
- दैनिक आज, नैनीताल।
- राष्ट्रीय सहारा, नैनीताल।
- उत्तरांचल दीप, नैनीताल।
- उत्तर उजाला, नैनीताल।
- शाह टाइम्स, नैनीताल।
- न्यूज प्रिन्ट, नैनीताल।
- परीक्षा नियन्त्रक, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल।
- निजी सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।

21/06/2021
निदेशक, डी0 आई0 सी0